# ST. VINCENT'S PREPARATORY SCHOOL, BUDAUN

## ANNUAL EXAMINATION : 2024-25

## CLASS: NC, LKG & UKG

| DATE | DAY | SUBJECT | TIMING |
|---|---|---|---|
| 24-02-2025 | Mon | GK (oral) Conversation (oral) | 9:30 am to 11:30 am |
| 25-02-2025 | Tue | Drawing (written), Maths (oral), P.T. | 9:30 am to 11:30 am |
| 27-02-2025 | Thu | English Reading (oral), Story Telling (oral) | 9:30 am to 11:30 am |
| 28-02-2025 | Fri | English Hand Writing (written) Recitation (oral) | 9:30 am to 11:30 am |
| 01-03-2025 | Sat | Hindi Reading (oral), Story Telling (oral), Hindi Counting (oral) | 9:30 am to 11:30 am |
| 03-03-2025 | Mon | Hindi Hand writing (written), Recitation (oral) | 9:30 am to 11:30 am |
| 04-03-2025 | Tue | English written | 9:30 am to 11:30 am |
| 05-03-2025 | Wed | English Dictation | 9:30 am to 11:30 am |
| 06-03-2025 | Thu | Hindi written | 9:30 am to 11:30 am |
| 07-03-2025 | Fri | Hindi Dictation | 9:30 am to 11:30 am |
| 08-03-2025 | Sat | Maths written | 9:30 am to 11:30 am |

*Please clear the School Fees till the month of March and collect the admit card from* 20-02-2025, 21-02-2025.

- **22-02-2025 - Parents Meeting - Seating arrangements (Timing: 8:00 am -10:00 am)**
- **22-03-2025 - Final Result of class: NC - UKG (Timing: 8:00 am -12:00 pm)**
- **01-04-2025 - School year 2025-26 begins (Timing: 8:30 am-12:30 pm)**

**Principal**

# De Paul School, Budaun

Cir. No. 01/2025 Dt. 10/02/2025

प्रिय अभिभावक,

दिनांक 29 मार्च 2025 को वर्तमान सत्र 2024–25 के समापन के पश्चात् 01 अप्रैल 2025 को नवीन सत्र 2025–26 का प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर मैं आप द्वारा आपके पुत्र/पुत्री की शिक्षा हेतु विद्यालय परिवार को दिये गये आपके सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

बच्चे की शिक्षा माता–पिता, अध्यापक एवं स्वयं उसके मध्य निर्मित एक शैक्षिक त्रिकोण पर निर्भर करती है। जब हम सभी इस त्रिकोण को संतुलित करने में सफल होते हैं, तो परिणाम निःसंदेह श्रेष्ठतम् मिलता है। मैं आप द्वारा इस हेतु किये गये गंभीर प्रयासों के पश्चात् मिले परिणाम के लिये बधाई देता हूँ। नई कक्षा में अच्छी शुरूआत के लिये आपसे अनुरोध है कि कृपया निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें–

1. फीस देय रहने पर विद्यार्थियों को नई कक्षा सूची में शामिल नहीं किया जायेगा। यदि किसी कक्षा सूची में छात्र/छात्रा का नाम नहीं पाया जाता है तो ऐसे विद्यार्थी को बिना उपस्थिति दर्ज किए, कक्षा से बाहर कर दिया जायेगा।
2. सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अगली कक्षा के विभिन्न सेक्शन्स में मिश्रित (Shuffle) किया जायेगा। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को भविष्य के बदलावों से सामंजस्य के लिए तैयार किया जाता है। अतः इस संबंध में विद्यालय का सहयोग करें।
3. छात्र/छात्रा को प्रथम 7 दिन कक्षा में उपस्थित होना अति आवश्यक है। यदि उन्हें प्रथम 7 दिन अनुपस्थित पाया जाता है तो उनका नाम नई कक्षा से काट दिया जायेगा तथा उनके स्थान पर किसी अन्य को प्रवेश दे दिया जायेगा। बाद में पुनः प्रवेश कक्षा में स्थान उपलब्धता पर ही निर्भर करेगा।
4. विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में सभी छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। अतः अपने पुत्र/पुत्री का आधार कार्ड प्रति एवं सही रक्त वर्ग विद्यालय में अवश्य उपलब्ध कराएं। APAAR & P.E.N. पोर्टल पर विद्यार्थियों के पंजीकरण हेतु माता/पिता के आधार संख्या की भी आवश्यकता होती है। कृपया सहयोग करें।
5. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। अतः विद्यालय के लिये जाते समय आपके पुत्र/पुत्री की उचित यूनीफॉर्म, स्कूल डायरी, टाइम टेबिल के अनुसार पुस्तकें, लंचबॉक्स, आदि अवश्य सुनिश्चित करें। साथ ही कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उसके बाल, नाखून आदि उचित रूप से कटे हुए हों एवं वह दैनिक प्रार्थना के निर्धारित समय से 5–10 मिनट पूर्व विद्यालय में पहुंच जाये। चेतावनी के पश्चात् भी अनुशासनहीनता पर विद्यार्थी को विद्यालय से वापस भेज दिया जायेगा।
6. चिकित्सकीय कारणों के अतिरिक्त अन्य किसी भी कारण से विद्यार्थी को कक्षा के दौरान वापस नहीं भेजा जायेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व निर्धारित किसी कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु उस दिन छात्र/छात्रा को विद्यालय न भेजें। विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय की ओर से अभिभावक पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। बच्चे को लेकर जाने वाले अभिभावक के पास इसका होना अनिवार्य है। छुट्टी से पूर्व घर जाने वाले विद्यार्थी को आधी उपस्थिति दी जायेगी।
7. मार्ग में होने वाली किसी असुविधा अथवा दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि छात्र/छात्राओं को लाने एवं ले जाने वाले व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक वाहन की सूचना विद्यालय में उपलब्ध हो। अतः सही एवं पूर्ण सूचना विद्यालय को अवश्य दें।
8. गर्मियों की छुट्टियों से पूर्व मई माह में सभी कक्षाओं में यूनिट टेस्ट लिया जायेगा। अभिभावकों से अनुरोध है कि इस हेतु आवश्यक पुस्तकें एवं स्टेशनरी का प्रबंध समयपूर्व कर लें ताकि सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों में उत्साह बना रहे।
9. कक्षा 9 एवं 10 के छात्र/छात्राओं को मई माह में प्रोजेक्ट (20 अंक) दिये जायेंगें जो गर्मियों की छुट्टियों में उन्हें पूर्ण करने होंगे।
10. परीक्षाफल प्राप्त करते समय होम टास्क बुक, स्कूल फीसबुक, आई. कार्ड एवं क्लास ग्रुप फोटो हेतु कृपया रू.400/– का भुगतान कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिका को करें। टी.सी. लेने हेतु आवेदन पत्र तत्काल प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आवेदनों की सामान्य टी.सी. 07 दिन बाद एवं काउन्टरसाइन टी.सी. 30 दिन बाद दी जा सकेगी।
11. फीस का भुगतान विद्यालय समय से 45 मिनट पूर्व तक कार्यालय में किया जा सकता है। असुविधा से बचने हेतु कृपया डी पॉल एप में यूपीआई द्वारा (बिना अतिरिक्त शुल्क के) भुगतान करें। किसी भी कारण से विद्यालय के खाते में सीधे भुगतान न करें अन्यथा असुविधा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।
12. नवीन सत्र 2025-26 में फीस संरचना में अपरिहार्य पुनरीक्षण करने के पश्चात् बार–बार होने वाले व्ययों एवं शिक्षकों की वेतन वृद्धि की पूर्ति हेतु फीस में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। आपका सहयोग अपेक्षित है।
13. विद्यालय द्वारा अधिकृत वाहन सेवा लेने पर 11 माह की फीस ली जाती है। वाहन सेवा हेतु कार्यालय से फॉर्म निशुल्क प्राप्त करें।
14. पुस्तकें एवं अन्य स्टेशनरी, टाई, बैल्ट एवं यूनीफॉर्म आदि मार्केट में विभिन्न दुकानों से क्रय करने हेतु अभिभावक स्वतंत्र हैं।

स्कूल का समय – प्रातः 07:30 से दोपहर 01:30 तक

**प्रधानाचार्य**